पूर० गु० सब, कुल भरा, प्रवाह, धारा।
पूरक० गु० पूरा करनेहारा, पूरा होने वाला, पु० बिजौरा, श्वासविशेष को जिस क्रिया से खेंचते हैं।
पूरण० गु० भरा, पूरा, सब, सारा।
पूरणा० } ना० स्त्री० चन्द्रमा की कला
पूरणामृता० } विशेष।
पूरना० स० क्रि० भरना, पूरा करना, फैलाना।
पूरब० ना० पु० पूर्व।
पूरा० गु० पूरण, सब, समस्त।
पूराई० ना० स्त्री० भराई, पूरणता।
पूरिया० ना० स्त्री० रागिनीविशेष।
पूरी० ना० स्त्री० पकवान विशेष।
पूर्ण० गु० पूरण, समस्त, सारा, भरा।
पूर्णज्या० ना० स्त्री० पूरारोदा, सूत्री रेखा।
पूर्णता० ना० स्त्री० पूरणता, पुराई।
पूर्णपात्र० ना० पु० पात्रविशेष, जिस में २५६ मुष्टिका चावल भरके संकल्प करे, गु० पात्र भरपूर, पूरापात्र।
पूर्णभूत० ना० पु० समस्त बीतगया।
पूर्णमासी० ना० स्त्री० शुक्लपक्ष की समाप्ति की तिथि, पूनो।
पूर्णाहुति० ना० स्त्री० होम पूरा होनेपर जो आहुति देते हैं उसका नाम।
पूर्णिमा० ना० स्त्री० पूर्णमासी।
पूर्व० गु० पहला, पिछला, अगला ना० पु० जिस दिशा में सूर्योदय होता है।
पूर्वक० गु० विस्तार युत, भराहुआ, साथ।
पूर्वकृत० ना० पु० पहले का काम।
पूर्वकृतकर्म० ना० पु० पूर्व जन्मके किये कर्म।
पूर्वज० ना० पु० अग्रज, बड़ाभाई।
पूर्वयाम० ना० पु० पहला पहर।
पूर्वदेश० ना० पु० मध्य देशके पूर्व का देश। वा निज स्थानसे पूर्व का देश।

पूर्वपक्ष० ना० पु० पहला पक्ष चरचा करने में जो स्थापन वा निषेधकिया जाता है।
पूर्ववत्० अव्य० उसी प्रकार, वैसाही।
पूर्ववायु० ना० पु० पूर्वका पवन, पुरवाई।
पूर्वा० ना० पु० पुरवा, छोटा गांव।
पूर्वाफाल्गुणी० ना० स्त्री० ग्यारहवां नक्षत्र।
पूर्वाभाद्रपद० ना० पु० छब्बीसवां नक्षत्र।
पूर्वाभिमुख० ना० पु० पूर्व दिशाके सामने।
पूर्वार्द्ध० गु० पहिला, आधा।
पूर्वाषाढ़० ना० स्त्री० बीसवां नक्षत्र।
पूर्वाह्न० ना० पु० दिनका पहला भाग।
पूर्वी० गु० पूर्व देशीय ना० स्त्री० रागिनी विशेष।
पूर्वोक्त० गु० प्रथम कहा है, प्रथम कहाहुआ।
पूला० ना० पु० } तृण वा अन्न की छोटी २
पूली० ना० स्त्री० } गड्डी।
पूषण० ना० पु० सूर्य्य।
पूषा० ना० स्त्री० सूजन, चन्द्रकला विशेष, श्वास विशेष, जो दक्षिण कान में प्रकाशित है।
पूस० ना० पु० पौष मास, दशवां मास।
पृच्छा० ना० पु० जिज्ञासा, प्रश्न।
पृतना० ना० स्त्री० सैन्य, फौज, दल।
पृथक्० अव्य० भिन्न, अलग।
पृथक्करण० ना० पु० अलग २ करना।
पृथक्छद० ना० पु० अखरोट।
पृथक्त्व० ना० पु० भिन्नता, जुदाई।
पृथक्पर्णी० ना० स्त्री० सुरहरी।
पृथग्० अव्य० पृथक्।
पृथग्पृथग्० अव्य० अलग २ जुदा २।
पृथवी० ना० स्त्री० पृथिवी।
पृथवीनाथ० ना० पु० राजा, बादशाह।
पृथिवी० ना० स्त्री० धरती, जमीन।
पृथु० गु० बड़ा, भारी, ना० पु० राजा विशेष।
पृथुरोमा० ना० स्त्री० मछली।
पृथुल० गु० बड़ा, भारी, मोटा, स्थूल।
पृथुशिव० ना० पु० स्यौनावृक्ष।

पृथूदर० ना० पु० मेढ़ा, भेंड़ा ।
पृथ्वाक० ना० पु० पुनर्नवा ।
पृथ्वी० ना० स्त्री० धरती ।
पृथ्वीका० ना० स्त्री० कलौंजी ।
पृथ्वीनाथ० } ना० पु० राजा, बादशाह ।
पृथ्वीपति०
पृथ्वीपाल०
पृष्ट० गु० पूछागया ।
पृष्ठ० ना० पु० पीठ, पिछलाभाग, पत्रका एक ओरें ।
पृष्टा० ना० पु० पित्तपापड़ा, पूछनेवाला ।
पृष्ठास्थि० ना० स्त्री० पीठकी हड्डी ।
पृष्ठि० ना० पु० पीठ, पृष्ठ ।
पृष्ठिस्थोरी० ना० पु० घोड़ा ।
पेइ० ना० स्त्री० पिटारी ।
पेँग० ना० पु० झूलेका हिलाना, पक्षी विशेष ।
पेँगना० अ० क्रि० झूलेको बढ़ाकर झूलना ।
पेँठ० ना० स्त्री० हाट, मण्डी, बाजार ।
पेँड़० ना० स्त्री० डग, चलावा, टीला, वृक्ष ।
पेँदा० ना० पु० } तला, नीचानका खण्ड ।
पेँदी० ना० स्त्री०
पेखक० गु० यथोचित दूत भेजनेवाला ।
पेखना० ना० पु० स्वांग, खिलौना, स्त्रियों का छल, स० क्रि० देखना ।
पेखनिया० ना० पु० स्वांगी ।
पेखित० गु० भेजागया ।
पेच० ना० पु० मरोरी, घुमाव, फेरु ।
पेचक० } ना० पु० उलूक ।
पेचा०
पेट० ना० पु० उदर, गर्भ ।
पेटक० ना० पु० पिटारा ।
पेटार्थी० } गु० पेटपालू, खाऊ, भक्षक ।
पेटार्थू०
पेटिया० ना० स्त्री० प्रतिदिनका खाना, सीधा ।
पेटी० ना० स्त्री० कमरबन्द, पेटका बन्धन, पिटारी, सन्दूक, छाती ।

पेटू० गु० पेटार्थी ।
पेटौखा० ना० पु० पेटचलने का रोग ।
पेठा० ना० पु० लौकी वा कद्दू, वा कुम्हड़ा विशेष ।
पेड़० ना० पु० वृक्ष, बूटा ।
पेड़ा० ना० पु० मिठाई विशेष, लोई ।
पेड़ी० ना० स्त्री० पेड़ा० सुपारी, नील आदि का वृक्ष जो एकबार कटगया, और पेड़का स्तम्भ ।
पेड़ू० ना० पु० नाभिके नीचे का अंग ।
पेम० ना० पु० प्रेम ।
पेमी० ना० पु० प्रेमी ।
पेय० ना० पु० पानी, दूध, शरबत, गु० जो पीने के योग्य हो ।
पेरना० स० क्रि० प्रेरण, कोल्हू में कुचल के रस वा तेल निकालना ।
पेरू० ना पु० कुक्कुट विशेष ।
पेलड़० } ना० पु० आंड़, कौड़ी, कोच ।
पेलड़ा०
पेलन० ना० पु० पालन, झूलना ।
पेलना० स० क्रि० ठेलना, रेलना, ठांसना, दबाना, भरना, घुसेड़ना, अ० क्रि० पिलजाना, घुसड़जाना ।
पेला० ना० पु० झाड़, दोष, उपद्रव, टेकन ।
पेलू० ना० पु० ढकेलू, घुसेडू ।
पेवड़ी० ना० स्त्री० पीतरंग विशेष ।
पेवसी० ना० स्त्री० पीयूष जो दूध फटे को पकाते हैं ।
पेषण० ना० पु० दलैंती, किसी वस्तु को दो पत्थरों से घिसना ।
पेषणीय० गु० पीसने के योग्य ।
पै० ना० पु० पय, दूध, जल, ना० स्त्री० दोष, अव्य० ऊपर, तौभी, परन्तु ।
पैँचना० स० क्रि० पछोड़ना, फटकना, बदलना ।
पैँचा० ना० पु० बदला, पलटा ।
पैँजनी० ना० स्त्री० पांवका गहना विशेष ।

पैंड़॰ }
पैंड़ा॰ } ना॰ पु॰ मार्ग, बाट वा बाट देखना।

पैंतालीस॰ गु॰ चालीस और पांच, ४५।

पैंतीस॰ गु॰ तीस और पांच ३५,।

पैंसठ॰ गु॰ साठ और पांच, ६५।

पैकड़ा॰ ना॰ पु॰ } बेड़ी, पैर का गहना
पैकड़ी॰ ना॰ स्त्री॰ } विशेष।

पैगू॰ ना॰ पु॰ ब्रह्मा देशका प्रदेश।

पैज॰ ना॰ स्त्री॰ प्रतिज्ञा, प्रण, पराक्रम।

पैठ॰ ना॰ पु॰ हुण्डी की पतिया, पहुँच, प्रवेश।

पैठना॰ अ॰ क्रि॰ घुसना, धसना।

पैठालना॰ स॰ क्रि॰ प्रवेश कराना, घुसाना।

पैड़॰ ना॰ पु॰ पावोंका चिह्न।

पैड़ा॰ ना॰ पु॰ ऊंची खड़ाऊं।

पैड़ी॰ ना॰ स्त्री॰ सीढ़ी।

पैतला॰ गु॰ उथला, छिछला।

पैतृक॰ गु॰ बपौती, पूर्व जनों से जो धन वा व्यवहार प्राप्त हो।

पैदल॰ अव्य॰ पैरों से, ना॰ पु॰ पियादे।

पैन॰ ना॰ पु॰ नाली, पोखरा।

पैना॰ ना॰ पु॰ पशु हांकने का अस्त्र, गु॰ तीव्र, तीक्ष्ण, तेज।

पैनाना॰ स॰ क्रि॰ तीक्ष्ण करना, बाढ़िदेना।

पैनाला॰ ना॰ पु॰ परनाला, मुहरी।

पैया॰ ना॰ पु॰ पहिया, चक्र।

पैर॰ ना॰ पु॰ पांव, खलियान, गु॰ जो पैरने के योग्य है।

पैरना॰ अ॰ क्रि॰ हेलना, तिरना, पवरना।

पैराई॰ ना॰ स्त्री॰ पैरने का काम।

पैराक॰ ना॰ पु॰ पैरनेहारा।

पैराकी॰ ना॰ स्त्री॰ पैरनेहारी।

पैराना॰ स॰ क्रि॰ तैराना, हिलाना।

पैराव॰ गु॰ जो पैरने के योग्य है।

पैरी॰ ना॰ स्त्री॰ पांवका गहना विशेष।

पैला॰ ना॰ पु॰ अन्न मापने का पात्र, डलवा।

पैशून्य॰ ना॰ पु॰ दुष्टता, पिशुनता, चुगली।

पैसा॰ ना॰ पु॰ तांबे का मुद्रा।

पैसार॰ ना॰ पु॰ पैठ, पहुँच, प्रवेश।

पैसारना॰ स॰ क्रि॰ पैठाना, पहुँचाना, प्रवेश कराना, घुसेड़ना।

पोआ॰ ना॰ पु॰ पौधा, दूधपीनेहारा बच्चा, सांप का बच्चा थोड़े दिनों का।

पोआना॰ स॰ क्रि॰ धमाना।

पोईस॰ अव्य॰ अरे, बचो, पोइश शुद्धहै, फ़ारसी शब्द है।

पोंकना॰ अ॰ क्रि॰ पेट चलनां।

पोंका॰ ना॰ पु॰ कीड़ा विशेष।

पोंगा॰ ना॰ पु॰ उल्लू, मूर्ख, ढीला विशेष, पोर, गु॰ छूंछा।

पोंगी॰ ना॰ स्त्री॰ नली, छूंछी, खोखली, मूर्ख स्त्री।

पोंछन॰ ना॰ पु॰ झाड़ना, गूदड़।

पोंछना॰ स॰ क्रि॰ झाड़ना, स्वच्छ करना।

पोखना॰ स॰ क्रि॰ पालना।

पोखर॰ }
पोखरा॰ } ना॰ पु॰ जल, तड़ाग, तालाब।

पोच॰ गु॰ नीच, लटा, यह शब्द फ़ारसीकाहै।

पोट॰ ना॰ स्त्री॰ मोट, गांठ, गठरी।

पोटला॰ ना॰ पु॰ बड़ी गठरी।

पोटली॰ ना॰ स्त्री॰ गठरी, खांड़ विशेष।

पोटा॰ ना॰ पु॰ गेंदा, पलक, पक्षी का झोझ, ओझ, रेंटा गु॰ पोटनेहारा।

पोढ़ा॰ गु॰ कड़ा, बलवान्, ठोस, दृढ़।

पोढ़ाई॰ ना॰ स्त्री॰ कड़ापन, ठोसाई, दृढ़ता।

पोत॰ ना॰ स्त्री॰ कांचकी सूक्ष्म गुरिया, नाव, स्वभाव, प्रकृति, बच्चा, कपड़ा।

पोयकी॰ ना॰ स्त्री॰ पोय, बेलि।

पोतड़ा॰ ना॰ पु॰ छोटे लड़कों का बिछौना, गुदड़ी।

पोतड़ी॰ ना॰ स्त्री॰ खेरी, हल।

पोतना॰ स॰ क्रि॰ लीपना, घरपोतना, ना॰ पु॰ पिण्डोर, मृत्तिका विशेष।

पोता॰ ना॰ पु॰ पुत्रका पुत्र, पौत्र।
पोती॰ ना॰ स्त्री॰ पुत्रकी कन्या, पौत्री।
पोथा॰ ना॰ पु॰ बड़ा ग्रन्थ।
पोथी॰ ना॰ स्त्री॰ छोटा ग्रन्थ।
पोदना॰ ना॰ पु॰ पक्षी विशेष।
पोदनी॰ ना॰ स्त्री॰ पोदना की स्त्री।
पोना॰ स॰ क्रि॰ पकाना, पिराना, ना॰ पु॰ झरना।
पोनी॰ ना॰ स्त्री॰ पूणी।
पोपनी॰ ना॰ पु॰ बाजा विशेष।
पोपला॰ गु॰ दांतों से रहित।
पोमचा॰ ना॰ पु॰ जय नगरी, वस्त्र विशेष।
पोय॰ ना॰ स्त्री॰ साग विशेष, बेलि विशेष।
पोया॰ ना॰ पु॰ साग विशेष।
पोर॰ ना॰ पु॰ दो गांठियों का मध्यभाग।
पोरी॰ ना॰ स्त्री॰ बांसकीगांठ, टोंटा।
पोला॰ गु॰ छूंछा, कोमल, खोखला, खाली।
पोली॰ ना॰ स्त्री॰ छूंछी, खोखली, अनाड़ी।
पोषक॰ ना॰ पु॰ पालनेहारा।
पोषण॰ ना॰ पु॰ पालन, पालना।
पोषना॰ स॰ क्रि॰ पालना।
पोषित॰ गु॰ पालागया, पालाहुआ।
पोष्य॰ गु॰ पालने के योग्य।
पोष्यपुत्र॰ ना॰ पु॰ लै पालक।
पोष्यवर्ग॰ ना॰ पु॰ कुटुम्ब।
पोषना॰ स॰ क्रि॰ पालना।
पोसे॰ क्रि॰ पाले।
पोह॰ ना॰ स्त्री॰ पोर, तड़का, भोर।
पोहना॰ स॰ क्रि॰ पिरोना, पेड़ा बनाना।
पोत्री॰ ना॰ पु॰ सुअर, शूकर।
पौ॰ ना॰ पु॰ जल पिलाने की शाला, पांसेमेंका एका।
पौंड़ा॰ ना॰ पु॰ मोटा इक्षु विशेष गन्ना।
पौंरि॰ ना॰ स्त्री॰ ड्योढ़ी।
पौंरिया॰ ना॰ पु॰ ड्योढ़ीवान, द्वारपाल।
पौढ़ना॰ स॰ क्रि॰ लेटना, सोना।
पौढ़ा॰ गु॰ पोढ़ा, लेटाहुआ।
पौढ़ाई॰ ना॰ स्त्री॰ पोढ़ाई, लेटास।
पौण्ड्रक॰ ना॰ पु॰ ऊख, गन्ना, पौंड़ा।
पौत्तलिक॰ ना॰ पु॰ मूर्त्तिपूजक।
पौत्र॰ ना॰ पु॰ पुत्रकापुत्र, पोता।
पौत्री॰ ना॰ स्त्री॰ पुत्रकी कन्या, पोती।
पौधा॰ ना॰ पु॰ वृक्ष जो तरुण है, बिरवा एक वर्षका।
पौन॰ गु॰ तीन चौथाई, ¾ ना॰ पु॰ पवन।
पौनचक्र॰ ना॰ पु॰ बौंडरा, पवनग्रन्थि।
पौना॰ ना॰ पु॰ झरना, पौनका पहाड़ा।
पौने॰ गु॰ चतुर्थांश रहित।
पौर॰ ना॰ स्त्री॰ फाटक, द्वार।
पौराणिक॰ ना॰ पु॰ श्रीवेदव्यास, सूतजी, पुराण का वक्ता।
पौरी॰ ना॰ स्त्री॰ पौर।
पौरुष॰ ना॰ पु॰ मनुष्यत्व, बल।
पौरोहित्य॰ ना॰ स्त्री॰ पुरोहिताई।
पौलस्त्य॰ ना॰ पु॰ रावण, कुबेर।
पौलिया॰ ना॰ स्त्री॰ पौरिया, छोटी खड़ाऊं।
पौली॰ ना॰ स्त्री॰ पौरि, खड़ाऊं।
पौलोमी॰ ना॰ स्त्री॰ इन्द्राणी, देवरानी।
पौवा॰ ना॰ पु॰ सेरका चौथा भाग।
पौष॰ ना॰ पु॰ नवांमास, पूस।
पौष्कराह्वय॰ ना॰ पु॰ पुहकरमूल।
पौष्टिक॰ गु॰ पुष्टिकारक।
पौसरा॰ ना॰ पु॰ पिआऊ।
पौह॰ ना॰ पु॰ जल पिलाने का स्थान।
पौहदा॰ ना॰ पु॰ पौधा।
पौह्वा॰ ना॰ पु॰ गाय बैलादि पशु।
प्यार॰ ना॰ पु॰ प्रेम, दुलार।
प्यारा॰ गु॰ प्रिय, दुलारा, लाड़िला।
प्यारी॰ ना॰ स्त्री॰ प्रिया, दुलारी, लाड़िली।
प्यावना॰ स॰ क्रि॰ पिलाना।
प्यास॰ ना॰ स्त्री॰ तृषा।

प्यासा॰
प्यासी॰ } गु॰ तृषावन्त, तृषित।

प्यौसार॰
प्यौहर॰ } ना॰ पु॰ पतिका घर स्त्री॰ ससुराल।

प्र॰ अव्य॰ जिस शब्दकी आदि में यह मिलित हो उसका अर्थ कभी आगे कभी अधिक है।

प्रकट॰
प्रकटित॰ } गु॰ प्रकट, प्रसिद्ध।

प्रकम्पन॰ ना॰ पु॰ आंधी, झकड़।

प्रकर॰ ना॰ पु॰ समूह, गिरोह।

प्रकरण॰ ना॰ पु॰ एक विषय का प्रस्ताव, पाठ में विश्राम स्थान, अध्याय, समूह।

प्रकाम॰ ना॰ पु॰ सिद्धि विशेष।

प्रकार॰ ना॰ पु॰ रीति, तरह, विशेषण, भेद, सादृश्य, डौल।

प्रकारान्तर॰ गु॰ दूसरे प्रकार, दूसरा प्रकार।

प्रकाश॰ ना॰ पु॰ ज्योति, उजाला, रोशनी, गु॰ प्रकट।

प्रकाशक॰ ना॰ पु॰ प्रकाशकर्त्ता।

प्रकाशवान्॰ गु॰ प्रकाशयुत, प्रकाशित, रोशन।

प्रकाशित॰ गु॰ प्रकाश कियागया, रोशन।

प्रकाश्य॰ गु॰ प्रकाश के योग्य।

प्रकीर्ण॰ ना॰ पु॰ चौरी, अध्याय, गु॰ प्रकट, व्याप्त।

प्रकीर्त्तन॰ ना॰ पु॰ कथन, भाषण।

प्रकीर्त्तित॰ गु॰ कथित, भाषित।

प्रकृत॰ ना॰ स्त्री॰ स्वभाव, गुण, गु॰ जो बनाया गया।

प्रकृतार्थ॰ ना॰ पु॰ प्रकृतका जो अर्थ।

प्रकृति॰ ना॰ स्त्री॰ स्वभाव, मूल, माया, संसार।

प्रकृष्ट॰ गु॰ उत्तम, श्रेष्ठ, मुख्य, अच्छा।

प्रक्रम॰ ना॰ पु॰ चलन, गमन, अवकाश।

प्रक्रिया॰ ना॰ स्त्री॰ व्याकरण का ग्रन्थ विशेष, साधनिका।

प्रखर॰ ना॰ पु॰ पाखर गु॰ तीक्ष्ण।

प्रख्यात॰ गु॰ प्रतिष्ठित, प्रसिद्ध, प्रसन्न, आनन्दित।

प्रगट॰ गु॰ व्यक्त, साक्षात्, प्रत्यक्ष, प्रकाश, प्रसिद्ध।

प्रगटना॰ अ॰ क्रि॰ प्रकटहोना।

प्रगल्भ॰ गु॰ शास्त्र से विजयी, अभय, योद्धा, प्रतिष्ठावान्, सामर्थी।

प्रगाढ़॰ ना॰ पु॰ पीड़ा, तपस्या, गु॰ बहुत गाढ़ा, कठिन।

प्रग्रह॰ ना॰ पु॰ किरवाली।

प्रघट॰ गु॰ प्रगट।

प्रघटी॰ ना॰ स्त्री॰ सुवर्ण वा रौप्यके लिये सांचा।

प्रचण्ड॰ गु॰ बलवान्, तेज, अनसहा, भयङ्कर, क्रोधी।

प्रचलित॰ गु॰ जो चलता है, जारी।

प्रचार॰ ना॰ पु॰ विस्तार, फैलाव, चलन, प्रकाश, जारी होना, प्रकटता।

प्रचारक॰ गु॰ प्रचार करनेहारा।

प्रचारना॰ स॰ क्रि॰ चलाना, बाढ़ देना, उमहाना।

प्रचारित॰ गु॰ विस्तारित, चालित और प्रकाशित।

प्रचुर॰ गु॰ बहुत।

प्रचेता॰ ना॰ पु॰ वरुणदेवता।

प्रचोदित॰ गु॰ प्रेरित, जो आज्ञा कियागया।

प्रच्छन्न॰ ना॰ पु॰ चोर, खिड़की, गु॰ गुप्त, आच्छादित।

प्रजरण॰ ना॰ पु॰ ज्वलन, जलन।

प्रजरना॰ अ॰ क्रि॰ जलना, बरना।

प्रजरित॰ गु॰ ज्वलित, जलताभया।

प्रजा॰ ना॰ स्त्री॰ सन्तान, सेवक, राज्यके वासी रैयत।

प्रजाता॰ ना॰ स्त्री॰ जननी, जच्चा।

प्रजापति॰ ना॰ पु॰ राजा, ब्रह्मा, दक्ष, कुम्हार,

प्रजारक॰ गु॰ जलानेहारा।

प्रजारण॰ ना॰ पु॰ जलावन, दहकावट।

प्रजारना० स० क्रि० जलाना, दहकाना।
प्रजाशन० गु० प्रजाभक्षक।
प्रजेश० ना० पु० राजा, ब्रह्मा, कुम्हार।
प्रज्वलता० ना० स्त्री० ज्योति, उज्ज्वलता और जलाव।
प्रज्वलित० गु० ज्योतिष्मान्, उज्ज्वल, जला।
प्रण० ना० पु० प्रतिज्ञा, दावा।
प्रणऊं० क्रि० प्रणाम करों।
प्रणत० गु० अतिदीन, अतिनय, शरणागत।
प्रणति० ना० स्त्री० नमस्कार, प्रणाम।
प्रणय० ना० स्त्री० प्रीति, प्रेम, मुक्ति, भरोसा, अपनापन।
प्रणव० ना० पु० अक्षर, मन्त्रराज, आद्याक्षर।
प्रणवा० क्रि० प्रणाम करो।
प्रणाम० पु० नमस्कार, सलाम।
प्रणावली० ना० स्त्री० नाली।
प्रणिधान० ना० पु० मनोयोग, उद्योग।
प्रणिपात० ना० पु० दण्डवत्, प्रणाम।
प्रणी० गु० प्रण करनेहारा, मनचला।
प्रतन० गु० पुराना, प्रत्न।
प्रताप० ना० पु० ऐश्वर्य्य, तेज, पुरमान।
प्रतापवान० } गु० तेजवान्, तेजस्वी, तेज
प्रतापी० } धारी।
प्रतारक० ना० पु० ठग, चंचल, वंचक।
प्रतारण० }
प्रतारणा० } ना० गु० वंचन, ठगाई।
प्रतारित० गु० ठगाया, बंचित।
प्रति० ना० स्त्री० नक़ल, अव्य० यह शब्द जिस शब्द के आदि में होता है, उसका अर्थ कभी फेर कभी सन्ते कभी एक एक।
प्रतिउपकार० ना० पु० प्रत्युपकार, प्रतीकार।
प्रतिकार० ना० पु० बदला, पलटा।
प्रतिकूल० गु० विरुद्ध, उलटा, प्रतिबन्धक।
प्रतिग्रह० ना० पु० दान, जो ब्राह्मण के लायक हो वा ऐसा दान लेना, ग्रहपीछे।
प्रतिघात० ना० पु० मारण, वध।

प्रतिच्छाया० ना० स्त्री० प्रतिबिम्ब, सदृश, मूर्त्ति।
प्रतिछाइ० ना० स्त्री० प्रतिबिम्ब, छाया।
प्रतिदान० ना० पु० धरोहर, फेरदेना।
प्रतिदिन० अव्य० दिन दिन।
प्रतिधा० अव्य० बार बार, हरबार, हरदफा।
प्रतिनिधि० ना० स्त्री० सदृश, तदनुरूप प्रतिभू, पेशकार।
प्रतिपत्० ना० स्त्री० परेवा, पक्षकी प्रथमतिथि।
प्रतिपत्ति० ना० स्त्री० यश, ज्ञान।
प्रतिपद्० ना० स्त्री० प्रतिपत्, परेवा।
प्रतिनिका० ना० स्त्री० गन्धपसारन।
प्रतिपन्न० गु० जानागया, निश्चित।
प्रतिपक्ष० ना० पु० } शत्रु, वैरी।
प्रतिपक्षी० स्त्री० }
प्रतिपादन० ना० पु० दान, बुझावना।
प्रतिपादित० गु० जिसका प्रतिपादन होगया।
प्रतिपाद्य० गु० बोध्य, वर्णन के योग्य।
प्रतिपाल० ना० पु० पालन, पोषण।
प्रतिपालक० ना० पु० पालन करनेहारा।
प्रतिपालन० ना० पु० प्रतिपाल, पोषण।
प्रतिपालना० स० क्रि० पालन करना, पोषणा।
प्रतिप्रसव० ना० पु० जो बात और बात से सिद्ध हो।
प्रतिफल० ना० पु० संपूर्ण फल, इनआम।
प्रतिबन्ध० ना० पु० काम का विनाशक।
प्रतिबन्धक० ना० पु० बाधक, रोकनेहारा, अटकानेहारा।
प्रतिभट० ना० पु० समान योद्धा, तुल्यकावीर।
प्रतिभा० ना० स्त्री० बुद्धि, ज्योति, समझ।
प्रतिभाग० ना० पु० अंश, अंशपर, हरहिस्सह।
प्रतिभू० ना० पु० मनौती, जामिन, दरमियानी।
प्रतिमा० ना० स्त्री० मूर्त्ति, तसवीर, पुतला।
प्रतिमास० ना० पु० महीने २ मास २, हरमाह।
प्रतिमूर० ना० पु० परछाईं, छाया, प्रतिबिंब।

प्रतिमूर्त्ति० ना० स्त्री० एक प्रतिमा के तुल्य द्वितीय।

प्रतियोग० ना० पु० शत्रुता, विरोध, वैर।

प्रतियोगी० गु० शत्रु, वैरी, विरोधी।

प्रतिरूप० ना० पु० सदृश, चित्र, मूर्त्ति।

प्रतिरोध० ना० पु० अटकावर, रोक।

प्रतिरोधक० ना० पु० चोर, रोकनेवाला।

प्रतिलोम० गु० बायां, औंधा, उलटा, दुष्ट, नीच।

प्रतिवचन० ना० पु० उत्तरपीछे वचन,वचनपर।

प्रतिवर्ष० ना० पु० वर्ष वर्ष, हरसाल।

प्रतिवाक्य० ना० पु० प्रति वचन, गु० जो उत्तर देने के योग्य है।

प्रतिवाद० ना० पु० विवाद, झगड़ा, विरोध।

प्रतिवादी० ना० पु० विवादी विरोधी, प्रत्यर्थी।

प्रतिवास० ना० पु० पड़ोस।

प्रतिवासी० ना० पु० पड़ोसी।

प्रतिबिम्ब० ना० पु० जो दर्पणादि देखने में रूप देख पड़ता है, अक्स, प्रतिरूप।

प्रतिशब्द० ना० पु० शब्द पीछे, शब्द के साथही शब्द।

प्रतिशब्दक० ना० पु० झांई शब्द, जो शब्द के साथही कूपादि से शब्द सुनाई देता है।

प्रतिषिद्ध० ना० पु० निषिद्ध, वर्जित।

प्रतिषेध० ना० पु० निषेध, ना० स्त्री० मनाई।

प्रतिष्ठा० ना० स्त्री० मूर्त्ति स्थापन, सुख्याति, कीर्त्ति, आबरू, बड़ाई।

प्रतिष्ठित० गु० स्थापित, कीर्त्तिमान्, यशी, सुख्यातियुत, इज्जतदार।

प्रतिहत० गु० जो निराशभया, रोकागया, भ्रष्ट, नष्ट।

प्रतिहार० ना० पु० डयोढ़ीवान, चोबदार।

प्रतिहिंसक० गु० घातक का घाती, कीनावर।

प्रतिज्ञा० ना० स्त्री० वचन, प्रण, अवधि, अवश्य करने का स्वीकार।

प्रतीक० ना० पु० अवयव, अंग।

प्रतीकार० ना० पु० पलटा, बदला।

प्रतीची० ना० स्त्री० पश्चिम दिशा, पछांह।

प्रतीत० गु० प्रतिष्ठित, प्रकट।

प्रतीति० ना० स्त्री० विश्वास, श्रद्धा, भरोसा, समझ।

प्रतीक्षा० ना० स्त्री० और का मार्ग देखना, प्रत्याशा।

प्रतोली० ना० स्त्री० मार्ग, बाट, राह।

प्रतोष० ना० पु० सन्तोष, धीरज, सबर।

प्रत्न० गु० पुराना।

प्रत्यक० ना० पु० ऊंगा।

प्रत्यय० ना० पु० विश्वास, समझ, चिह्न, निशान।

प्रत्यवाय० ना० पु० वियोग।

प्रत्यह० अव्य० प्रतिदिन, हररोज।

प्रत्यक्ष० गु० प्रसिद्ध, साक्षात्, दृष्टि गोचर, देखने के योग्य, अव्य० आगे।

प्रत्याशा० ना० स्त्री० आसरा, भरोसा, उम्मेद।

प्रत्याहार० ना० पु० स्वल्प भोजन।

प्रत्युत्तर० ना० पु० उत्तर का उत्तर, जवाब।

प्रत्युत्थान० ना० पु० उठकरके जो सन्मान।

प्रत्युपकार० ना० पु० उपकार के पलटे उपकार, पलटादेना, इनाम।

प्रत्येक० गु० एका एक, एक, एक, हरएक।

प्रथम० गु० पहला, आदि, अव्वल, मुख्य।

प्रथमा० ना० स्त्री० पहली।

प्रथमान्त० गु० जो नाम वा सर्व नाम प्रथम विभक्ति में हो।

प्रथा० ना० स्त्री० सुख्याति, यश, कीर्त्ति।

प्रथित० गु० यशवन्त, प्रसिद्ध, कीर्त्तिमान्।

प्रद० गु० दाताका चिह्न शब्दांत में, दाता।

प्रदक्षिण० } ना० स्त्री० पूज्यको दाहिनेकरउस
प्रदक्षिणा० } के चारोंओर फिरकर निजासन पर आना, फिरना।

प्रदीप० ना० पु० दीपक, दिया।

प्रदेश० ना० पु० भूमिखण्ड, देश, स्थान, परदेश, छोटी बितस्ति।

प्रदोष० ना० पु० सूर्यास्त से दोदण्ड, शिवव्रत विशेष, दोष।

प्रदोषा० ना० स्त्री० रात, रात्रि।

प्रद्युम्न० ना० पु० श्रीकृष्णचन्द्रजीकापुत्र, कामदेव।

प्रद्योतन० ना० पु० सूर्य।

प्रधान० ना० पु० मुख्यमंत्री, श्रेष्ठ, गु० पहला।

प्रधानता० ना० स्त्री० मुख्यता, श्रेष्ठता, बजारत।

प्रधाननगर० ना० पु० प्रसिद्ध नगर, बड़ा नगर।

प्रनाम० ना० पु० प्रणाम।

प्रनाशी० गु० नाशनेवाला, मिटानेवाला।

प्रपंच० ना० पु० छल, विरोध, ढेर, धोखा, चूक, संसार, बातों का विस्तार।

प्रपंचित० गु० जो विस्तारयुत वर्णनहुआ, जो छला गया।

प्रपंची० ना० पु० प्रपंचकर्त्ता घाती, छली।

प्रपितामह० ना० पु० पितामह का पिता, परदादा।

प्रपितामही० ना० स्त्री० पितामह की माता, परदादी।

प्रपुन्नाड० ना० पु० पवांर पौधा।

प्रपौत्र० ना० पु० पौत्रका पुत्र, परपोता।

प्रपौत्री० ना० स्त्री० पौत्रकी पुत्री, परपोती।

प्रफुला० ना० पु० फफूल बेलि।

प्रफुल्ल० गु० विकसित, फूला, खश।

प्रफुल्लित० गु० विकसित, फूलाभया, आनन्द, मग्न, खुश।

प्रबन्ध० ना० पु० क्रम से वाक्य की बनावट, रचना विशेष, कथा, वृत्तान्त, बन्दोबस्त।

प्रबन्धाधीन० गु० प्रबन्धके आधीन।

प्रबल० गु० बलवान्, पहलवान।

प्रबलता० ना० स्त्री० बलात्कारी, बरबस।

प्रबोध० ना० पु० ज्ञान उपदेश, सुर्त्त, उजगता, तसल्ली, सबर।

प्रबोधक० गु० प्रबोध करने हारा।

प्रभद्र० ना० पु० नींब वृक्ष।

प्रभंजन० ना० पु० पवन, गु० विनाशन।

प्रभव० ना० पु० उत्पत्ति, उत्पन्न, उत्पत्तिकारी।

प्रभा० ना० स्त्री० शोभा, कान्ति, दीप्ति, चमक।

प्रभाकर० ना० पु० सूर्य, चन्द्रमा।

प्रभाव० ना० पु० माहात्म्य, सामर्थ्य, फल।

प्रभात० ना० पु० प्रातःकाल, भोर, तड़का।

प्रभाती० ना० स्त्री० रागिनी विशेष।

प्रभावती० ना० स्त्री० पातालगंगा।

प्रभास० ना० पु० तीर्थ विशेष।

प्रभिन्न० ना० पु० हाथी, (प्रभिन्नोगर्जितोमत्तः इत्यमरः)।

प्रभु० ना० पु० नाथ, स्वामी, राजा, ईश्वर, प्रतिपालक, गुरु।

प्रभुता० ना० स्त्री०
प्रभुताई० ना० स्त्री०
प्रभुत्व० ना० पु०
} राज्यादि अधिकार, धनाढ्यता, स्वामित्व, ईश्वरता।

प्रभुतालय० ना० पु० नीतिगृह, कचहरी, अदालत।

प्रभृति० अव्य० इत्यादि।

प्रमदा० ना० स्त्री० सुलक्षणा स्त्री।

प्रमद्री० ना० स्त्री० कलिहारी।

प्रमथा०
प्रमथ्या०
} ना० स्त्री० हड़, शिवा।

प्रमथान०
प्रमथाधि०
प्रमथाधिप०
} ना० पु० श्रीमहादेवजी, यथा (मृत्युंजयः कृत्तिवासाः पिनाकी प्रमथाधिपः इत्यमरः)।

प्रमा० ना० स्त्री० यथार्थ का ज्ञान, अनुभव।

प्रमाण० ना० पु० निश्चय का कारण, साक्षी, अवधि, प्रत्यक्ष, निश्चय, सच्चा, ग्राह्य।

प्रमाणिक० गु० योग्य, निश्चयकारक, ग्राह्य रूप प्रमाण के योग्य।

प्रमातामह० ना० पु० मातामह का पिता, परनाना।

प्रमातामही० ना० स्त्री० मातामहकी माता, परनानी।

प्रमाद० ना० पु० भूल, चूक, गफलत, आनाकानी।

प्रमादी० गु० अचेत, अशौच, भुक्कड़।

प्रमीलिका० } ना० स्त्री० भौंह, भृकुटी।
प्रमीला०

प्रमुख० ना० पु० निशाचर विशेष, प्रधान।

प्रमुदित० गु० हर्षित, आनन्दित।

प्रमेह० ना० पु० वीर्य्यका रोग, क्षीणरोग।

प्रमोद० ना० पु० हर्ष, आनन्द।

प्रमोदित० गु० हर्षित, आनन्दित, खुश।

प्रयन्त० अव्य० पर्य्यन्त।

प्रयाग० ना० पु० तीर्थराज, इलाहाबाद।

प्रयाण० ना० पु० यात्रा, गमन।

प्रयान्ति० क्रि० पाता है।

प्रयुक्त० गु० मिला हुआ, भराहुआ।

प्रयोग० ना० पु० अनुष्ठान, दृष्टान्त, फल, उपाय, तदवीर, प्रयोजन।

प्रयोगी० गु० उपायी, चलानेवाला।

प्रयोजक० ना० पु० प्रेरक, उठाने हारा।

प्रयोजन० ना० पु० कारण, तात्पर्य्य, गरज, मतलब।

प्रयोजनी० गु० अवश्य, मतलबी, गरजी।

प्रयोज्य० गु० मुख्य, ना० पु० सेवक, चेला।

प्रलम्ब० ना० पु० प्रलम्बासुर, लम्बा।

प्रलम्बघ्न० ना० पु० बलदेव जी।

प्रलय० ना० पु० कल्पान्त, सर्वनाश, तूफान।

प्रलयकाल० ना० पु० नाशका समय।

प्रलाप० ना० पु० अज्ञानता समय का वाक्य, निरर्थवाक्य।

प्रलेप० ना० पु० औषधि आदिका लेपन।

प्रवञ्चना० ना० स्त्री० प्रतारण, ठगी, चोरी।

प्रवर० ना० पु० सन्तान, वंश, गोत्र, गु० बलवान्, श्रेष्ठ, बहादुर।

प्रवर्त्तक० ना० पु० प्रेरक, उतारनेहारा।

प्रवर्षण० ना० पु० पर्वतविशेष।

प्रवाल० ना० पु० मूंगा।

प्रवास० ना० पु० विदेश, देशावर, परदेश।

प्रवासा० ना० स्त्री० मधुशर्करा।

प्रवासी० गु० विदेशी, परदेशी।

प्रवाह० ना० पु० नदीकी धारा, बहाव, मुख्य पवन।

प्रविष्ट० गु० जो प्रवेश हुआ, घुसा, पैठा।

प्रवीण० गु० निपुण, सुचतुर, स्याना।

प्रवीणता० ना० स्त्री० निपुणता, चतुराई, स्यानपन।

प्रवृत्तकर्त्ता० गु० विश्वासी, मञ्जूर, नजर।

प्रवृत्ति० ना० स्त्री० काज, समाचार, धारा, इच्छा, किसी काम में लगना वा लगाना यत्न।

प्रवेक० गु० प्रधान, सरदार।

प्रवेणी० ना० स्त्री० वेणी, केशपाश।

प्रवेश० ना० पु० पैठ, पहुंच, घुसाव।

प्रशक्त० गु० लीन, लगाहुआ, थकित।

प्रशंसक० गु० स्तुतिकर्त्ता, बड़ाई करनेहारा।

प्रशंसनीय० गु० प्रशंसा के योग्य।

प्रशंसा० ना० स्त्री० स्तुति, बड़ाई।

प्रशमन० ना० पु० वध।

प्रशस्त० गु० आनन्दी, योग्य, भला।

प्रशस्ति० ना० स्त्री० स्तुति, बड़ाई, योग्य, अच्छी।

प्रश्न० ना० पु० जिज्ञासा, सवाल पूछना।

प्रश्नोत्तर० ना० पु० प्रश्न का उत्तर, सवाल जवाब।

प्रषद० ना० पु० मृग, हरिण।

प्रष्टा० ना० पु० पूछनेहारा।

प्रसक्त० अव्य० सादा, गु० सनातन, प्राप्त।

प्रसंग॰ ना॰ पु॰ प्रस्ताव, मेल, संगम, संयोग, सम्बन्ध, चर्चा, साथ, रव, वंस्ल।

प्रसन्न॰ गु॰ हर्षित, आनन्दित, दयालु, खुश।

प्रसन्नता॰ ना॰ स्त्री॰ प्रसाद, हर्ष, आनन्द, कृपा।

प्रसन्नित॰ गु॰ हर्षित, आनन्दित, दयालु,राज़ी।

प्रसमित॰ गु॰ रहित, हीन, बिहून, बिन।

प्रसव॰ ना॰ पु॰ गर्भ से बालक का निकलना, जनाया, पैदायश, उत्पत्ति।

प्रसवत॰ क्रि॰ उपजते, जन्मते।

प्रसव्य॰ गु॰ बायां, प्रतिकूल उपजने के योग्य।

प्रसाद॰ ना॰ पु॰ देवताओंकी वा गुरुकीजूठन, कृपा, दान, भोजन।

प्रसादी॰ ना॰ स्त्री॰ जो कुछ देवताओं को चढ़ायागया, भोजन, खाना।

प्रसारण॰ ना॰ पु॰ फैलाव, पसराव, गन्धपसा-रण, पौधा।

प्रसादक॰ ना॰ पु॰ भाजी, बथुआ का साग।

प्रसारित॰ गु॰ विस्तारित, जो फैलायागया।

प्रसिद्ध॰ गु॰ प्रकाशित, विख्यात, मशहूर।

प्रसिद्धता॰ ना॰ स्त्री॰ प्रकटता, सुख्याति,ज़हूर।

प्रसीद॰ क्रि॰ दयालुहो, कृपाकरो।

प्रसूत॰ ना॰ पु॰ जात, जन्मा, प्रसूति।

प्रसूति॰ ना॰ स्त्री॰ रोग विशेष, पानीबहने का रोग विशेष।

प्रसूतिका॰ }
प्रसूती॰ } गु॰ स्त्री॰ जननी जच्चा, माता।

प्रसून॰ ना॰ पु॰ पुष्प, फूल, फल।

प्रसौती॰ ना॰ स्त्री॰ प्रसूती।

प्रस्तर॰ ना॰ पु॰ पत्थर, पाषाण।

प्रस्तरमय॰ गु॰ पाषाणमय, पथरीला।

प्रस्ताव॰ ना॰ पु॰ अवसर, चर्चा।

प्रस्ताविक॰ गु॰ समयपर, सामयिक।

प्रस्तुत॰ गु॰ कथित, सिद्ध, स्तुत किया गया।

प्रस्थ॰ ना॰ पु॰ परिमाण विशेष।

प्रस्थर॰ ना॰ पु॰ पत्थर।

प्रस्थान॰ ना॰ पु॰ गमन, बिदा, धावा करने हारेका गमन, पावतुराव, नकल मकान।

प्रस्थापित॰ गु॰ प्रेरित, भेजा गया।

प्रस्थित॰ ना॰ स्त्री॰ कीर्ति, नेकनामी।

प्रस्फुटित॰ गु॰ बिकसित।

प्रहर॰ ना॰ पु॰ पहर, याम, दिन वा रात का चौथा भाग।

प्रहरण॰ ना॰ पु॰ अस्त्र, मारण।

प्रहस्त॰ ना॰ पु॰ राक्षस विशेष।

प्रहार॰ ना॰ पु॰ चोट, ठोकर, मार।

प्रहारित॰ गु॰ मारागया वा माराहुआ।

प्रहारी॰ गु॰ मारनेहारा।

प्रह्वन॰ ना॰ पु॰ विनय, प्रणाम।

प्रहेलिका॰ ना॰ स्त्री॰ पहेली, दृष्टिकूट।

प्रहृष्ट॰ गु॰ सन्तुष्ट।

प्रह्लाद॰ ना॰ पु॰ भक्त विशेष।

प्रह्लादिनी॰ ना॰ स्त्री॰ हंसपादी बूटी।

प्रक्षालन॰ ना॰ पु॰ धोलाई।

प्रक्षालित॰ गु॰ जो धोयागया।

प्रज्ञा॰ ना॰ स्त्री॰ सरस्वती, निर्मल बुद्धि।

प्रज्ञात्मा॰ गु॰ आत्मज्ञाता, आत्मध्यानी।

प्राक्॰ अव्य॰ आगे, पहले, पूर्व।

प्राकार॰ ना॰ पु॰ गढ़।

प्राकृतकवि॰ ना॰ पु॰ सूरदासादि।

प्राकृतभाषा॰ ना॰ स्त्री॰ संस्कृतभाषाविशेष।

प्राक्तन॰ गु॰ पुराना।

प्रागल्भ्य॰ ना॰ पु॰ प्रगल्भता, ढिठाई, घमंड।

प्राची॰ ना॰ स्त्री॰ पूर्व दिशा।

प्राचीन॰ गु॰ पुराना, अगला।

प्राचीना॰ ना॰ पु॰ पानी, आंवला।

प्राड्विवाक॰ ना॰ पु॰ राजा की आज्ञासे वि-चार करने के लिये स्थापितपुरुष, न्यायक।

प्राण॰ ना॰ पु॰ श्वासवायु, जीव, प्रियतमे।

प्राणदा॰ ना॰ स्त्री॰ जीव दाता।

प्राणप्रतिष्ठा॰ ना॰ पु॰ मंत्र से देवता में जीव धारण करना।

प्राणदण्ड० ना० पु० वध,फांसीआदिकी सज़ा ।
प्राणान्त० ना० पु० प्राणकानाश, मृत्यु, मौत ।
प्राणायाम० ना० पु० श्वासको रोकना वा प्राण को ऊर्ध्व खींचना ।
प्राणी० गु० जीवधारी, जन्तु ।
प्रातः० } ना० पु० प्रभात, तड़का, सबेरा,
प्रातःकाल० } बिहान ।
प्रातःक्रिया० ना० स्त्री० सबेरेकी क्रिया ।
प्रादुर्भाव० ना० पु० आविर्भाव, महिमा ।
प्राधान्य० ना० पु० श्रेष्ठता, मुख्यता, उत्तमता ।
प्रान्त० ना० पु० कगर, शेषभाग, देशकाभाग ।
प्रान्तर० ना० पु० दूरदेशका मार्ग, अपथ ।
प्रापक० ना० पु० जो पहुंचावे वा पावे ।
प्राप्त० गु० जो मिला, लब्ध ।
प्राप्ति० ना० स्त्री० लाभ, उपार्जन, गोड़ी, फ़ायदह, नाम सिद्धि विशेषका ।
प्राविट्० } ना० पु० वर्षाकाल, बरसात ।
प्रावृट्० }
प्रावृष० ना० पु० कदम वृक्ष ।
प्रामाणिक० ना० पु० अतिमान्यलोग, प्रधान ।
प्रायः० अव्य० कभी कभी, बहुधा, अक्सर ।
प्रायद्वीप० ना० पु० जो प्रायःजल से घिराहो, और एक ओर थलसे मिलाहो, जज़ीरानुमा ।
प्रायश्चित्त० ना० पु० पापमात्र का नाशक कर्म, पाप दोष ।
प्रारब्ध० ना० स्त्री० भाग लिखा, नसीब ।
प्रारम्भ० ना० पु० आरम्भ, शुरूअ ।
प्रार्थना० ना० स्त्री० बिनती, चहत, अर्ज़ ।
प्रार्थित० गु० वाञ्छित, यांचाहुआ ।
प्रावृत० ना० पु० घूंघट घोंघी गु० ढका, छुपा ।
प्रासाद० ना० पु० मन्दिर, राजभवन, सदन ।
प्रांशु० गु० बड़ा, मोटा ।
प्राह्ण० ना० पु० प्रातस्सन्ध्या ।
प्राज्ञ० गु० पण्डित, चतुर, बुद्धिमान् ।
प्रिय० गु० प्यारा ।
प्रियक० ना० पु० कदमवृक्ष, अनार ।
प्रियंगु० ना० पु० औषधि विशेष ।
प्रियतम० गु० अतिप्यारा, ना० पु० प्रिय, प्रेमीपति, मित्र ।
प्रियतमा० ना० स्त्री० अति प्यारी ।
प्रियवादिनी० ना० स्त्री० अच्छा कहनेहारी ।
प्रिया० ना० स्त्री० प्यारी स्त्री, चहीती, आंख लगनी ।
प्रियाल० ना० पु० चिरौंजी ।
प्रीति० ना० स्त्री० प्रेम, प्यार, मोह, दोस्ती और व्यवहार, चन्द्रमा की कला विशेष ।
प्रेत० ना० पु० पिशाच, भूत, निशाचर, दैत्य, मरा ।
प्रेतनदी० ना० स्त्री० वैतरणी, नरककीनदी ।
प्रेतनी० ना० स्त्री० प्रेतस्त्री, चुड़ैल, प्रेत की स्त्री ।
प्रेतराज० ना० पु० यमराज, अन्तक ।
प्रेतनिवास० ना० पु० श्मशान, मरघट ।
प्रेम० ना० पु० स्नेह प्यार, लाड़, प्रीति ।
प्रेमी० गु० प्रेमकर्त्ता, स्नेही, छोही, प्रियतम ।
प्रेयस० गु० मित्र, यार, दोस्त, उपपति, जार ।
प्रेयसी० गु० स्त्री० प्यारी, परकिया ।
प्रेरक० ना० पु० भेजनेहारा, हाकिम, करानेहारा, चलानेवाला ।
प्रेरण० ना० पु० } नियोग, भेजना, चलाना,
प्रेरणा० ना० स्त्री० } सुझाना, ताकीद ।
प्रेरणार्थ० गु० जिसमें प्रेरण का ज्ञानहो ।
प्रेरणार्थक० गु० आज्ञाकारक ।
प्रेरित० गु० जो दूतादि भेजा गया ।
प्रेषक० गु० यथोचित दूत भेजनेहारा ।
प्रेषित० गु० प्रेरित ।
प्रेष्ठ० गु० प्रियतम ।
प्रेष्य० ना० पु० दूत, सेवक ।
प्रेक्षण० ना० पु० चक्षु, नेत्र, दृष्टि ।
प्रोक्त० गु० कथित, कहाभया ।
प्रोत्साह० ना० पु० बड़ा उछाह, अत्युयोग ।

प्रोदिका० ना० स्त्री० पोय बेलि।

प्रोषित० गु० जो उकसागया, विदेशी।

प्रोषितपतिका० } ना० स्त्री० जिसका पति
प्रोषितभर्तृका० } विदेशको गया हो।

प्रोष्ठी० ना० स्त्री० सफरी, मछली।

प्रोहित० ना० पु० पुरोहित।

प्रोक्षण० ना० पु० यज्ञमें बलिदान करना, छिड़कावा, वध।

प्रोक्षित० गु० जो छिड़कागया, वधकियागया।

प्रौढ़० गु० जो बाढ़चुका, स्याना, सभ्य, चालांक विद्वानों की सभाका।

प्रौढ़ता० ना० स्त्री० प्रौढ़ाई, स्यानपन, चतुराई।

प्रौढ़ा० ना० स्त्री० स्त्री तीसवर्ष से पचपन वर्ष तक।

प्रौढ़ि० ना० स्त्री जोखिम, ध्वनि, अभिमान से बात कहना।

प्लवंग० } ना० पु० वानर, बन्दर।
प्लावी० }

प्लीह० ना० स्त्री० पिलई, तिल्ली।

प्लीहारी० ना० पु० सरफोंका।

प्लुत० ना० पु० त्रिमात्रिकक्षर, स्वर विशेष, रागका ग्राम विशेष।

प्लुति० ना० स्त्री० कूदना, फांदना।

[फ]

फंदना० अ० क्रि० फसना, कूदना।

फंदलाना० स० क्रि० फुसलाना।

फंदा० ना० पु० फसड़ी, फांसी, जंजाल।

फंसाव० ना० पु० उलझाव, अटकाव।

फंसियारा० ना० पु० बटपार जो पथिकों को फांसी देकर मारडालता है।

फकड़ी० ना० स्त्री० अनादर करने का नाम।

फक्कड़० ना० पु० झगड़ा, गालीगलौज, ठठोली।

फक्का० ना० पु० पंगा।

फक्किका० ना० स्त्री० फांकी।

फकिया० ना० स्त्री० फांक।

फक्की० ना० स्त्री० फांकी।

फगुनहटे० गु० फागुनके पास, फागुनके दिनों।

फगुवा० ना० पु० होली के दिन, अथवा जो स्त्री फागुनमें नेग लेती हैं।

फंका० ना० पु० } चूर्ण इत्यादि को हाथ में
फंकी० ना० स्त्री० } रखकर मुखमें डालना।

फटक० ना० पु० स्फटिक।

फटकना० स० क्रि० पछोड़ना, झाड़ना, अ० क्रि० तड़फड़ाना।

फटकरी० ना० स्त्री० फिटकरी।

फटकी० ना० स्त्री० चिड़ीमार का जाल, बड़ा पिंजरा, पक्षियों के डराने के लिये फटा बांस आदि जो रस्सी में बांधकर वृक्षादि पर लटकाते हैं।

फटना० अ० क्रि० टूटना, चिरना, फूटना।

फटपड़ना० अ० क्रि० बहुतसा उपजना, एकाएक मोटा होजाना, कामकी अधिकता में व्याकुल होना, फाट के गिरना।

फटफटाना० स० क्रि० पंखझाड़केउड़ना, कान बजाना कुत्ता आदिका, अ० क्रि० तड़पना, व्याकुल होना।

फटा० गु० चिराहुआ।

फटाक० अव्य० उसी समय, तुरन्तही।

फटाका० ना० पु० बन्दूकादि का शब्द।

फटाना० अ० क्रि० संगसे अलग चलना।

फटाव ना० पु० चिराव, जुदागी, अलगहोना।

फटिक० ना० पु० स्फटिक।

फड़० ना० पु० द्यूतस्थान, पल्ला।

फड़कना० अ० क्रि० उछलना, फड़फड़ाना, मांसआदि का उछलना, टीसना।

फड़फड़ाना० अ० क्रि० फड़कना।

फड़फड़िया० ना० पु० फड़कनेहारा।

फड़ाना० स० क्रि० चिराना, फटाना।

फण० ना० पु० सांप, वा सांपका पसरा हुआ माथा।

फणधर० ना० पु० सांप।

फणपति० ना० पु० शेषजी सर्पोंका राजा।
फणा० ना० पु० फण।
फणि० ना० पु० सांप वा उसकी मणि।
फणिक० ना० पु० सांप।
फणिज्जक० ना० पु० मरुआ, सुगन्धितपौधा।
फणी० ना० पु० फणि, सांप।
फणीन्द्र०
फणीश० } ना० पु० सांपोंका राजा, शेषजी।
फड़कना० अ० क्रि० दालआदिका चुरना।
फदफदाना० अ० क्रि० बलबलाना, छोटे २ दाने पड़ना।
फन० ना० पु० फण।
फनगा० ना० पु० टिड्डा, आंखफोड़ा।
फनफनाना० अ० क्रि० फण खोलना, फुसकारना।
फन्दा० ना० पु० फांसी, पेंच, उलझाव।
फफला० ना० पु० फूलाहुआ।
फफूंदी० ना० स्त्री० गीलापन के कारण से जो सफेदी अचार आदि में लगजाती है, सड़ता।
फफोला० ना० पु० फुलका, छाला।
फब० ना० स्त्री० शोभा।
फबकना० अ० क्रि० पनपनां, डाल निकलना।
फबता० ना० पु० योग्य, ठीक, छजता।
फबती० ना० स्त्री० शोभा, किसी को वस्त्र पहिने देखकर कहना यह किस जातिका है।
फबन० ना० स्त्री० शोभा, छाजन।
फबना० अ० क्रि० सोहना, छाजना, सजना।
फबीला० गु० शोभित, सजीला, शोभायमान।
फर० ना० पु० फल, तीरकीगांसी, पछा।
फरकना० अ० क्रि० फड़कना।
फरचा० ना० पु० मेघोंका फट जाना, फैसला।
फरचाना० स० क्रि० न्यायकरना, आज्ञा देना।
फरछा० गु० निर्मल, स्वच्छ, खरा।
फरछाना० स० क्रि० स्वच्छ वा निर्मल कराना, खराना।
फरफन्द० ना० पु० छल, कपट, धोखा।
फरफन्दिया० गु० छली, धूर्त्त, ठग, कपटी।
फरस० ना० पु० फरसा।
फरसा० ना० पु० फावड़ा, कुल्हाड़ा, तबर, अस्त्र विशेष।
फरहरा० ना० पु०
फरहरी० ना० स्त्री० } ध्वजा, पताका, गु० अधसूखा।
फरहा० ना० पु० खोखला, फफला, निर्बीज।
फरिया० ना० स्त्री० स्त्रियों के ओढ़ने का वस्त्र विशेष, लड़कियों के पहरनेका वस्त्र विशेष।
फरी० ना० स्त्री० ढाल, डाली फल समेत।
फरांटा० ना० पु० बांसका टुकड़ा, ध्वजाके हिलने वा घोड़े की श्वासका जो शब्द होता है।
फरांना० अ० क्रि० हिलना वा उड़ना।
फल० ना० पु० वृक्षादिका सस्य, पलटा मोती, कर्मोंका भोग, सन्तान, बाण के आगेका लोहा खड्गादि।
फलकना० अ० क्रि० फड़कना।
फलचारि० ना० पु० अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष।
फलजनक० ना० पु० जोफलजन्मावे।
फलताड़० ना० पु० ताड़का फल।
फलद० ना० पु० वृक्ष गु० फलका दाता।
फलदाता०
फलदानि० } गु० फल देने हारा।
फलना० अ० क्रि० फललाना, भाग्यवान्होना।
फलमूल० ना० पु० फूल की दण्डी।
फलराज० ना० पु० खरबूजह, दशांगुल।
फलवर्तुल० ना० पु० तरबूज, हिंदुवाना।
फलवान्० गु० जो फल युक्त हो।
फला० ना० पु० संयुक्ताक्षर, समस्तस्वर, गु० फलित।
फलांग० ना० स्त्री० कूदन, लंघन, डेग, जस्त।
फलाशिन० ना० पु० खिरनी।
फलाश० ना० स्त्री० फलांग।
फलित० गु० फलाहुआ, फलों समेत।

फलितार्थ० ना० पु० तात्पर्यार्थ, ठीक अर्थ।
फलिनी० ना० पु० प्रियंगु।
फलिया० ना० स्त्री० छीमी, तुकमा।
फली० ना० स्त्री० छीमी, तुकमा, ना० पु० वृक्ष, गु० स्त्री० फलित।
फलीश० ना० पु० पारसपीपल।
फलोदय० ना० पु० फलोत्पत्ति, प्राप्तकाम, स्वर्ग आनन्द।
फलोपम० ना० पु० सफेद बैंगन, श्वेतभांटा।
फसकड़० ना० स्त्री० बैठक विशेष।
फसकना० अ० क्रि० फटना, फूटना।
फसकाना० स० क्रि० फाड़ना, तोड़ना, फोड़ना।
फसकाऊ० ना० पु० फाड़ू, तोड़ू, फोड़ू।
फसना० अ० क्रि० बझना, उलझना, जाल में पड़ना, बन्दीशाला में पड़ना, रुकना, फंदे में आना, क़ाबू में आना।
फसफसा० गु० पिलपिला, अलगा।
फसफसाना० अ० क्रि० पिलपिलाना, डरना।
फसवाना० स० क्रि० उलझाना, अटकवाना, रुकवाना, बन्दी करवाना।
फसाना० स० क्रि० बझाना, उलझाना, रुकाना, अटकाना, जाल में डालना, और बन्दीशाला में रखवाना।
फहरना० अ० क्रि० फर्राना।
फहराना० अ० क्रि० फर्राना, उछलना, कूदना।
फांक० ना० स्त्री० फलका टुकड़ा।
फांकना० स० क्रि० फंका मारना।
फांकी० ना० स्त्री० फांक, फक्किका, पूर्वपक्ष।
फाटना० स० क्रि० बांटना, विभाग करना।
फांट० ना० पु० चौड़ाव, हिस्सह, विभाग।
फांद० ना० पु० फंद, फंदा।
फांदना० स० क्रि० लांघना, कूदजाना।
फांदा० ना० पु० फांद, गुंझा।
फांदी० ना० स्त्री० गन्नों का एक बोझ।

फांफड़० ना० पु० छेद, सुंड़।
फांस० ना० स्त्री० सूक्ष्म कांटा।
फांसना० स० क्रि० बांधना, रोकना, बन्दकरना, जाल में लाना।
फांसा० ना० पु० डोर का उबका।
फांसी० ना० स्त्री० फन्दी, फसड़ी, फन्द, कंठरुंधन।
फाग० ना० पु० गुलाल वा उसका डालना वा उड़ाना, होली का समय।
फागुन० ना० पु० फाल्गुन।
फाटक० ना० पु० बड़ा द्वार, अटकाव।
फाटना० अ० क्रि० फटना।
फाड़खाना० स० क्रि० भंभोरना, झंझोरना।
फाड़ना० स० क्रि० चीरना, फोड़ना, तोड़ना, मसकाना।
फाड़ा० गु० चीराहुआ।
फाल० ना० स्त्री० हलके आगेका लोहा, चौकड़ी, सुपारी का टूक, डग चौ।
फालसा० ना० पु० फल वा वृक्ष विशेष।
फाल्गुन० } ना० पु० फागुन मास, अर्जुन।
फागुन० }
फाल्गुनिका० ना० स्त्री० फगुई, होली।
फाव० ना० पु० घलुआ, रूखन।
फावड़ा० ना० पु० मांटी खोदने का अस्त्र, फर्सी, बड़ी और चौड़ी कुदाल।
फावड़ी० ना० स्त्री० बैरागा, बैरागी।
फावना० अ० क्रि० सोहना, शोभादेना।
फाबित० गु० शोभित।
फाबी० गु० शोभित भई, शोभा दी।
फाहा० ना० पु० मरहम से भीगाहुआ कपड़ेका छोटा टुकड़ा, तीसी।
फिकारना० स० क्रि० शिर नंगा, करना।
फिट० ना० पु० फिटकारा।
फिटकार० ना० स्त्री० धिक्कार, लानत।
फिटकरी० ना० स्त्री० फटकरी।

फिटकारना॰ स॰ क्रि॰ धिक्कार करना, कोसना, शापना।

फिटाना॰ स॰ क्रि॰ फेंटना, फिनाना।

फिर॰ अव्य॰ पुनि, पुनः, फेर।

फिरकवाहनी॰ ना॰ स्त्री॰ सेजगाड़ी।

फिरकी॰ ना॰ स्त्री॰ बंगी, भौंरा, चकई, फिराने की वस्तु जिसको लड़के फिराते हैं।

फिरजाना॰ अ॰ क्रि॰ पलटना, फिरना।

फिरत॰ ना॰ पु॰ वस्तु जो अप्रसन्नता से लौटादी।

फिरता॰ गु॰ रमता, फेरने का पैसा।

फिरतारहना॰ अ॰ क्रि॰ रमना, फेरा करना, भटकता रहना।

फिराना॰ स॰ क्रि॰ घुमाना, भटकाना, रमाना।

फिराव॰ ना॰ पु॰ घुमाव, फेर।

फिर्ना॰ अ॰ क्रि॰ घूमना, लौटना, भटकना, रमना।

फिर्नी॰ ना॰ स्त्री॰ फिरकी।

फिल्ली॰ ना॰ स्त्री॰ पिण्डली।

फिसफिसा॰ गु॰ डरपोक, फसफसा।

फिसफिसाना॰ अ॰ क्रि॰ भयभीत होना, डराना।

फिसलन॰ ना॰ स्त्री॰ खिसलन, बिछलना।

फिसलना॰ अ॰ क्रि॰ खिसलना, बिछलना, रपटपड़ना।

फिसलाना॰ स॰ क्रि॰ खिसलाना, बिछलाना, चूकना।

फिसलाहट॰ ना॰ स्त्री॰ खिसलाहट, चिकनाहट।

फींचना॰ क्रि॰ ना॰ खँघालना, धोना।

फीका॰ गु॰ स्वाद रहित, सीठा, सांवला, बदरंग, बेमजे।

फुंकार॰ ना॰ स्त्री॰ सांपकी फनफनाहट।

फुंकारना॰ अ॰ क्रि॰ फनफनाना।

फुंहार॰ ना॰ स्त्री॰ झीसी, फूही।

फुकना॰ अ॰ क्रि॰ जलना, ना॰ पु॰ थैली।

फुकनी॰ ना॰ स्त्री॰ धौंकनी, निगाली, आग फूकने की जो बांस वा पीतलादि की होती है।

फुट॰ गु॰ अयुग्म।

फुटकर॰ गु॰ अलग, भिन्न भिन्न, अयुग्म।

फुटकी॰ ना॰ स्त्री॰ छींट, छिटकी, गु॰ अयुग्म।

फुड़िया॰ ना॰ स्त्री॰ फुन्सी छोटा फोड़ा।

फुदकना॰ अ॰ क्रि॰ कुदकना, थोड़ा थोड़ा उछलना।

फुदकी॰ ना॰ स्त्री॰ पक्षी विशेष।

फुनगी॰ ना॰ स्त्री॰ कली, कोपल, वृक्षकीचोटी।

फुनंग॰ ना॰ स्त्री॰ शिखर, चोटी।

फुनसी॰ ना॰ स्त्री॰ मुहासा, फुड़िया, पिरकी।

फुनिया॰, **फुन्नी॰**, **फुन्नो॰** } ना॰ स्त्री॰ लोलो।

फुपकार॰ ना॰ स्त्री॰ फुंकार।

फुप्फा॰ ना॰ पु॰ फूफा।

फुप्फी॰ ना॰ स्त्री॰ फूफू, फूआ।

फुफेरा॰ ना॰ पु॰, **फुफेरी॰** ना॰ स्त्री॰ } गु॰ जो फूफूसे उत्पन्न भया वा जो फूफू का सम्बन्धी होवे।

फुर॰ गु॰ सच, ठीक, सत्य।

फुरति॰ ना॰ स्त्री॰ फुर्त्ती।

फुरफुराना॰ अ॰ क्रि॰ कांपना, हिलना।

फुरफुरी॰ ना॰ स्त्री॰ कम्पाहट, थरथराहट।

फुर्त्त॰, **फुर्त्ती॰** } ना॰ स्त्री॰ वेगता, शीघ्रता, चालाकी चटपटी, जल्दी।

फुर्त्तीला॰ गु॰ वेगी, चालाक, चटपटिया।

फुलका॰ गु॰ फूलाहुआ, हलका, ना॰ पु॰ फफोला, पतली छोटी रोटी।

फुलकारना॰ अ॰ क्रि॰ फूलना, फण, उठाना।

फुलकारी॰ ना॰ स्त्री॰ कपड़ा जिस में फूलहों।

फुलकिया॰, **फुलकी॰** } ना॰ स्त्री॰ रोटी विशेष।

फुलझड़ी॰ ना॰ स्त्री॰ आतशबाजी विशेष।

फुलवाई॰ ना॰ स्त्री॰ फुलवाड़ी, रामायणे यथा, एक सखी सियसंग बिहाई, गई रहे देखन फुलवाई।

फुलवाड़ी॰ ना॰ स्त्री॰ फूलोंकी बाड़ी वा बाग।

फुलाना॰ स॰ क्रि॰ सुजाना, मोटाकरना।

फुलासरा॰ ना॰ पु॰ लल्लोपत्तो, फुसलाहट।

फुलेल॰ ना॰ पु॰ चंबेली का तेल।

फुलौरी॰ ना॰ स्त्री॰ पकौड़ी।

फुल्ल॰ गु॰ फूला, खिला।

फुल्लड़॰ गु॰ बचेला, फूलसे थोड़े दिनके फल।

फुल्ली॰ ना॰ स्त्री॰ आंखकी फूली।

फुसफुसाना॰ अ॰ क्रि॰ धीरे धीरे बातकहना, झींसी पड़ना।

फुहार॰ ना॰ स्त्री॰ पानी के कण छोटे २ पड़ना।

फुहारा॰ ना॰ पु॰ फव्वारह छोटी २ बूंदें छूटना।

फूआ॰ ना॰ स्त्री॰ फूफू, बापकी बहन।

फूंक॰ ना॰ पु॰ फूंकने का काम वा चाल।

फूकना॰ स॰ क्रि॰ मुखसे वायु छोड़ना, सुलगाना, मुखसे बजाना, उड़ाना, जलाना।

फूकारना॰ अ॰ क्रि॰ फनफनाना।

फूही॰ ना॰ स्त्री॰ झींसी, फूही।

फूकना॰ स॰ क्रि॰ फूकना।

फूट॰ ना॰ स्त्री॰ ककड़ीविशेष, अयुग्म, बिगाड़, भिन्नता, खोंट।

फूटन॰ ना॰ स्त्री॰ अनबनाव, विरोध।

फूटना॰ अ॰ क्रि॰ टूटना, फटना, भिन्न भिन्न होना, प्रकट होना, दुर्गन्धि निकलना।

फूटा॰ गु॰ टूटा।

फूटी॰ ना॰ स्त्री॰ विरोध, बिगाड़, गु॰ टूटी।

फूफा॰ ना॰ पु॰ फूफूका पति।

फूफी॰
फूफू॰ } ना॰ स्त्री॰ बापकी बहन।

फूल॰ ना॰ पु॰ पुष्प, कली, निहानी, सूज, जले हुये मृतक की हड्डी।

फूलना॰ अ॰ क्रि॰ खिलना, बिगसना, आनन्दितहोना, सूजना, अभिमानी होना।

फूला॰ गु॰ सूजा, ना॰ पु॰ धानों के लावा।

फूलाव॰ ना॰ पु॰ सूजन।

फूली॰ ना॰ स्त्री॰ फुल्ली जो आंखमें होती है।

फूस॰ ना॰ पु॰ पुरानी घास, तृण, पूसमास।

फूसड़ा॰ ना॰ पु॰ गूदड़।

फूसी॰ ना॰ स्त्री॰ भूसी।

फूहड़॰ ना॰ स्त्री॰ फूहर।

फूहड़ा॰ गु॰ कुवचन कहनेहारा।

फूहर॰ ना॰ स्त्री॰ अनसीखी, धामड़, कुचाल चलनेहारी, ना॰ स्त्री॰ भिष्टल।

फूहा॰ ना॰ पु॰ स्तनके सदृश रुई, गोढ़ा।

फूहार॰ ना॰ स्त्री॰ फूहर, फुहरा।

फूही॰ ना॰ स्त्री॰ झीसी।

फेंक॰ ना॰ स्त्री॰ फेंकने का काम वा चाल।

फेंकना॰ स॰ क्रि॰ डालना, झोंकना।

फेंकाव॰ गु॰ फेंकने के योग्य।

फेंट॰ ना॰ स्त्री॰ डब, कटिबन्ध, पटका।

फेंटन॰ स॰ क्रि॰ मिलाना, सानना, लतपत करना।

फेंटा॰ ना॰ पु॰ छोटी पगड़ी, पटका।

फेंटी॰ ना॰ स्त्री॰ आंटी।

फेट॰ ना॰ स्त्री॰ फेंट।

फेटना॰ स॰ क्रि॰ फेंटना।

फेटा॰ ना॰ पु॰ फेंटा।

फेणु॰ ना॰ पु॰ फेना।

फेणोबारि॰ ना॰ पु॰ समुद्र फेणु।

फेन॰
फेना॰ } ना॰ पु॰ झाग, फेणु।

फेनाना॰ अ॰ क्रि॰ फेना उठना।

फेनी॰ ना॰ स्त्री॰ पकवान विशेष।

फेनुस॰ ना॰ पु॰ पीयूष।

फेफड़ा॰ ना॰ पु॰ अंग विशेष जिसके द्वारा श्वासलेते हैं।

फेफड़ी० ना० स्त्री० चलनेकी आशक्ति।

फेर० अव्य० पुनः।

फेर० ना० पु० बांक, टेढ़ाई, घुमाव, घेरा, कुण्डली, घोल घुमाव।

फेरना० स० क्रि० घुमाना।

फेरा० ना० पु० घुमाव, फैलाव।

फेराफेरी० ना० स्त्री० इधर उधर जाना, आवागमन।

फेरी० ना० स्त्री० प्रदक्षिणा।

फेरीवाला० ना० पु० फेरनेवाला, बिसाती आदि।

फेरु० ना० पु० शृगाल, गीदड़, धोखा, अन्तर, फेर।

फैंटा० ना० पु० फेंटा।

फैलना० अ० क्रि० बिछना, पसरना, बिथरना, प्रकट होना।

फैलाना० स० क्रि० बिछाना, चौड़ाना, पसारना, बिथराना, प्रकट करना।

फैलाव० ना० पु० बिछाव, पहराव, प्रकटता, प्रचार, भरपूर।

फोंक० गु० खोखल, पोला, ना० स्त्री० बाण की एक ओर जिधर से पेंच में लगाते हैं।

फोंफी० ना० स्त्री० नली, छूंछी।

फौहार० ना० स्त्री० फुहार।

फोक० ना० पु० तरछट, सीठी, गु० खोखला, वस्त्र का फटावा, बाणका एक ओर।

फोकट० ना० पु० कंगाल।

फोकड़० ना० पु० खूद, तरछट, कूड़ा।

फोड़ना० स० क्रि० तोड़ना, फाड़ना।

फोड़ा० ना० पु० स्फोटक, बालतोड़, पिरकी।

फोला० ना० पु० फफोला, छाला।

[ब]

बंझोटी० ना० स्त्री० बांझ होने की औषधि विशेष।

बंटवाना० स० क्रि० भागकरवाना, हिस्सहकरवाना।

बंटवैया० ना० पु० भागकर्त्ता, बांटनेहारा।

बंटाना० स० क्रि० बांटना, वा बंटवाना।

बंटैत० ना० पु० बंटवैया।

बंड़ोहा० ना० पु० बवण्डर, बौहरा।

बंश० ना० पु० बांस।

बंशकार० ना० पु० बांस का बननेवाला।

बंशरोरी० ना० पु० बंशरोचन।

बंशरोचन० पु० बंशलोचन।

बंशावली० ना० स्त्री० बंसावली।

बंशी० ना० स्त्री० बंसी।

बक० ना० पु० बक, ना० स्त्री० झक, गप।

बकुची० ना० स्त्री० पौधा विशेष जिसके बीज से खुजली जाती है।

बकझक० ना० स्त्री० बकवाद।

बकना० अ० क्रि० बड़बड़ाना, झकलगाना।

बकबक० ना० स्त्री० बड़बड़, गप शप।

बकबकाना० स० क्रि० बकबक करना।

बकरा० ना० पु० अज, छाग।

बकरी० ना० स्त्री० अजा, छेरी, छाग।

बकला० ना० पु० छिलका, छाल।

बकवाद० ना० स्त्री० बकबक।

बकवादी० ना० पु० बकबकिया।

बकवास० ना० पु० बकवाद।

बकवाहा० ना० पु० } बड़बड़िया।
बकवाही० ना० स्त्री० }

बकसा० गु० समेट, बन्धेजी।

बकसूवा० ना० पु० चपड़ास, चपरास।

बकसैला० गु० बकसा।

बकायन्० ना० स्त्री० वृक्ष विशेष।

बकारा० ना० पु० अगुवा, पथिक, बटोही।

बकारी० ना० स्त्री० टेढ़ीलकीर।

बकिया० ना० स्त्री० छुरी, चाकू।

बकुला० ना० पु० बगला।

बकेनी० ना० स्त्री० बहुत दिनकी ब्यानी गाय अथवा भैंस।

बकेलू० ना० पु० पलाशे अर्थात्ढाकी छाल।

को कूटकर बनाते हैं जिसकी रस्सी आदि बनती है।

बकोटना० स० क्रि० खसोटना, नोचना।

बक्कम० ना० पु रंगने का काठ।

बक्कल० ना० पु० बकला।

बक्का०ना पु० } गु० झक्की, गप्पी, बकवादी।
बक्की०ना स्त्री० }

बखरी० ना० स्त्री० झोपड़ी, घर, मकान।

बखा० ना० पु० बतौरा, मोढ़ा।

बखान० ना० पु० वर्णन, स्तुति।

बखानना० स० क्रि० वर्णनकरना, स्तुतिकरना, सराहना।

बखार० ना० पु० } खाता, भण्डार, अनाज रखने की कोठी वा कोठरी।
बखारी०ना० स्त्री० }

बखेड़ा० ना० पु० झगड़ा, लड़ाई, रौला।

बखेड़िया० गु० झगड़ालू, लड़ाका।

बखेरना० स० क्रि० बिथराना, छिण्डाना।

बखोर० ना० स्त्री० टोक, रोक, अपशकुन।

बखोरना० स० क्रि० टोकना, पूंछना।

बखौरा० ना० पु० कन्धा, मोढ़ा।

बग० ना० पु० बक, बगुला, बाग।

बगछुट० ना० पु० सरपट।

बगपांति० } ना० स्त्री० बगुलों की पांती।
बगपांती० }

बगड़० ना० पु० चावल विशेष।

बगड़ा० ना० पु० छल, दुःख।

बगड़िया० गु० छली, ठग।

बगड़ना० अ० क्रि० फिरना, बिगड़ना, भूलना फैलना।

बगड़ाना० स० क्रि० फिराना, बिगाड़ना, भुलाना, फैलाना।

बगमेल० ना० पु० अति निकट, बाग में बाग का मिलजाना।

बगर० ना० पु० घर आंगन, सहन।

बगराना० स० क्रि० छिटकाना, फैलाना, बिथराना।

बगला० ना० पु० बक, बगुला, पक्षी विशेष।

बगलाभगत० गु० कपटी, धूर्त्त, छली।

बगहंस० ना० पु० हंस विशेष।

बगिया० ना० स्त्री० } फुलवाड़ी, छोटाउपवन,
बगीचा० ना० पु० } छोटाबाग, फारसीशब्दहै।

बगुला० ना० पु० बक, पक्षी विशेष।

बगूला० ना० पु० बवण्डर, बौंडरा।

बघनहा० ना० पु० सुगन्धि विशेष, जड़ विशेष।

बघना० ना० पु० बाघ के नख वा दांत जो बालक को पहिनाते हैं।

बघरूरा० ना० पु० बवण्डर, बगला, पवनग्रन्थि।

बघार० ना० पु० छौंक।

बघारना० स० क्रि० छौंकना।

बघी० ना० स्त्री० डांस, बुड़मक्खी।

बघेल० ना० पु० राजपूत, जाति विशेष।

बघेलखण्ड० ना० पु० देश विशेष, रीवांका प्रदेश।

बघेला० ना० पु० बघेल, बाघका बच्चा, डामरू।

बंक० ना० पु० बांका।

बंकाई० ना० स्त्री० फेंट, टेढ़ाई।

बंग० ना० पु० धातु विशेष, उल्टपन, बंगाला देश।

बंगरी० ना० स्त्री० गहना विशेष।

बंगला० ना० पु० छप्पर वा खपरैल का घर विशेष, पान विशेष, बंगाले के अक्षर वा भाषा।

बंगसेन० ना० पु० अगस्त्य वृक्ष।

बंगा० ना० पु० बांसकी जड़का पोर, गु० उल्लू, नासमझ, रामायणे यथा, तीर्थ प्रयाग नदी पुनि गंगा, राममनुज कसरे शठबंगा।

बंगाल० } ना० पु० देश विशेष जो गयाजी से पूर्व में है।
बंगाला० }

बंगालिन० ना० स्त्री० बंगाली की स्त्री।

बंगाली० गु० बंगाले का वासी।

बंगी० ना० स्त्री० }
बंगू० ना० पु० } भौंरा जो बेल आदि का बनता है जिसको बालक नचाते हैं।

बच० ना० स्त्री० पौधे विशेष की जड़, बात।

बचकाना० गु० छोटा, ना० पु० भैया, भगतिया।

बचत०
बचती० } ना० स्त्री० शेष, बाक़ी, अधिक।

बचन० ना० पु० भाषा, बोली, बात, प्रण, वाद, नियम, मर्य्याद इक़रार, वचन।

बचनदत्त० गु० मगेतर, जो सगाई किया गया।

बचना० अ० क्रि० रक्षापाना, शेषरहना।

बचपन० ना० पु० लड़कपन, बालकता, लड़काई।

बचांसि० ना० पु० बात।

बचाना० स० क्रि० उद्धार वा रक्षा करना, छोड़ाना, शेषरखना, छुपाना।

बचाव० ना० पु० रक्षा, पक्ष।

बच्चा० ना० पु० लड़का, ढोटा, गेद, वत्स।

बच्छ० ना० पु० वत्स, लड़का, बछड़ा।

बच्छनाग० ना० पु० विष विशेष।

बच्छा०
बछड़ा०
बछड़ू०
बछरू० } ना० पु० गायका बच्चा।

बछेड़ा० ना० पु०
बछेड़ी० ना० स्त्री०
बछेरा० ना० पु०
बछेरी० ना० स्त्री० } घोड़ी का बच्चा।

बजना० अ० क्रि० शब्दहोना, लड़ना।

बजनी० ना० स्त्री० लड़ाई जो वस्तु बजे।

बजंत्री० ना० पु० समाजी, बाजाबजानेहारा।

बजबजाना० अ० क्रि० उबलना।

बजरबट्टू० ना० पु० फल विशेष।

बजरंग० ना० पु० हनुमान् जी का एकनाम।

बजरंगी० ना० पु० तिलक विशेष।

बजरा० ना० पु० नाव विशेष।

बजरी० ना० स्त्री० जो कंकर पत्थरादि छोटे २ गचमें डाले जाते हैं।

बजाक० ना० पु० सर्प विशेष।

बजाना० स० क्रि० शब्द वा स्वर निकालना।

बजालाना० स० क्रि० पूराकरना, पार करना, निर्वाहकरना, मानना।

बंजर० ना० पु० वह धरती जो जोती बोई नहीं गई है।

बझना० अ० क्रि० फ़सना, पकड़ाजाना।

बझाना०
बझावना० } स० क्रि० पकड़वाना, फसाना।

बट० ना० पु० बड़गद, पण्डित, ब्राह्मण, मार्ग, एक कौड़ी।

बटई० ना० स्त्री० बटेरपक्षी, बादला बनाने की विद्या विशेष।

बटना० स० क्रि० बलदेना, ऐंठनदेना, रस्सी बनाने का काम, अ० क्रि० विभागित होना, ना० पु० पत्थर जिससे चटनीआदि बांटते हैं, यन्त्र जिससे रस्सी को बलदेते हैं।

बटपार० ना० पु० ठग, हत्यारा, लुटेरा, राहज़न।

बटपारी० ना० स्त्री० ठगई, डकैती, राह मारना।

बटलोई०
बटलोही० } ना० स्त्री० पात्र विशेष जिसमें दाल आदि पकाते हैं।

बटवार० ना० पु० करलेनेहारा, भाग, हिस्सह।

बटवारा० ना० पु० बांट, भाग, अंश, हिस्सह।

बटाई० ना० स्त्री० बांट रस्सी आदि बटने का काम वा पैसा।

बटाऊ० ना० पु० बटोही, पथिक, मुसाफ़िर।

बटिया० ना० स्त्री० छोटा मार्ग, पगदण्डी, पत्थर का छोटाबांट।

बटु० ना० पु० ब्रह्मचारी, वटु।

बटुक० ना० पु० भैरव विशेष।

बटुवा० ना० पु० थैली, बटलोई।

बटुरना० अ० क्रि० इकट्ठाहोना।

बटेर० ना० स्त्री० पक्षी विशेष।

बटोर० ना० पु० भीड़, समेट, जमाव।

बटोरना० स० क्रि० इकट्ठा करना, समेटना।

बटोही० ना० पु० पथिक, राही, मुसाफिर।

बट्टा० ना० पु० खोटापन, बांटेकायन्त्र, प्याला।

बट्टी० ना० स्त्री० ढेली, बरी।

बड़० ना० पु० बरगद, वृक्ष विशेष, बड़ा।

बड़ना० अ० क्रि० पैठना।

बड़बड़० ना० स्त्री० बकबक।

बड़बड़ाना० स० क्रि० कुड़कुड़ाना, बकबककरना।

बड़बड़िया० ना० पु० बक्का बकबकी।

बड़बाग्नि० ना० पु०
बड़वानल० ना० पु० } अग्नि विशेष जो समुद्रमें बसती है।

बड़हल० ना० पु० वृक्ष विशेष वा उसका फल।

बड़ा० गु० महा, लम्बा, ऊंचा, ना० पु० उरदका पकवान विशेष अर्थात् बरा।

बड़ाई० ना० स्त्री०
बड़ापन० ना० पु०
बड़पा० ना० पु० } महत्त्व, प्रधानता, घमंड।

बड़ादिन० ना० पु० जो दिसम्बर की २५ तारीख को होता है।

बड़ी० गु० स्त्री० महाप्रधान, ऊंची, ना० स्त्री० जो उरद पीस के बनाते हैं मुगौरी।

बडूखा०
बडौंखा० } ना० स्त्री० इक्षुविशेष, ऊंख विशेष।

बढ़ई० ना० पु० खाती, सुतार, जाति विशेष।

बढ़ता० ना० पु०
बढ़ती० ना० स्त्री० } अधिकाई, बढ़ाव।

बढ़इन० ना० स्त्री० बढ़ईकी स्त्री।

बढ़ना० अ० क्रि० अधिकहोना, आगे जाना, उगना, चढ़ना।

बढ़नी० ना० स्त्री० झाड़ू, बुहारी, अगाड़ी।

बढ़ाना० स० क्रि० अधिकाना, लंबाना, चलाना, बुझाना, चढ़ाना, दुकानउठाना।

बढ़ालाना० स० क्रि० आगेलाना, दुकानउठा लाना।

बढ़ाव० ना० पु० चढ़ाव, बढ़ती, आधिकता।

बढ़िया० गु० मँहगी, बहुमूल्य, कीमती।

बढ़ेला० ना० पु० बनैलाशूकर।

बढ़ोतर० ना० पु०
बढ़ोतरा० ना० पु०
बढ़ोतरी० ना० स्त्री० } ब्याज, लाभ, सूद।

बणिया० ना० पु० वणिक्. वैश्यजाति विशेष।

बत० ना० पु० कीट विशेष ना० स्त्री० बात वा बातका संक्षेप।

बतकहा० गु० बकी, बातूनी।

बतकहाव० ना० पु०
बतकही० ना० स्त्री० } बड़ बक, बातचीत, तकरार।

बतक्कड़० गु० बकी।

बतराना० स० क्रि० बातचीत करना।

बतलाना० स० क्रि० बातचीत करना, बताना, पढ़ाना, समझाना, सुझाना।

बता० ना० पु० खपाच, लम्बा चौड़ा पत्थर विशेष जिसपर चूरणपीसते हैं।

बताना० स० क्रि० दिखलाना, समझाना, सिखलाना ना० पु० पगड़ी के नीचे का फेंटा।

बताली० ना० स्त्री० भांड़ेती।

बतास० ना० पु० वायु, पवन।

बतासा० ना० पु० बुल्ला, बुलबुला, मिठाई विशेष।

बतियाना० स० क्रि० बातचीतकरना, बोलना, छोटे छोटे फल लगना।

बतूनी० गु० गप्पी।

बतौरी० ना० स्त्री० फुड़िया विशेष।

बत्ती० ना० स्त्री० दीपक में जलाने के लिये ऐंठीहुई रुई, मोम आदि की, कपड़े की जो घावमें भरते हैं, योग किया में साधन विशेष।

बत्तीस० गु० तीस और दो, ३२।

बत्तीसा० ना० पु० घोड़े आदि के हेतु औषधि विशेष।

बत्तीसी० ना० स्त्री० सब दांत, गु० जिसमें बत्तीस वस्तु का समुदाय हो।

बत्ता० ना० पु० चावल विशेष।

बथुआ० ना० पु०
बथुई० ना० स्त्री० } शाकविशेष भाजी।

बद० ना० स्त्री० रोगविशेष, बाघी।

बदना० स० क्रि० दांवलगाना, मानना, अंगीकार करना।

बदर० ना० पु० सेव मेवा एक सहस्र मुद्रा की थैली अर्थात् तोड़ा, यह शब्द अरबी में शुद्ध बदरः है परन्तु अयोध्या काण्ड में यों लिखा है, यथा, विश्व बदर जनु तुम्हरे हाथा।

बदल० ना० पु० मेघ, प्रतीकार, अव्य० सन्ते।

बदलना० स० क्रि० पलटना, पौथना।

बदला० ना० पु० सन्ती, तोड़ाव, पलटा, पौथा।

बदलाई० ना० स्त्री० तोड़वाई, पलटाई, पौथाई।

बदलाना० स० क्रि० फेरडालना, तोड़ाना, पौथाना।

बदली० ना० स्त्री० अंधेरा, छोटा मेघ।

बदा० गु० जो प्रारब्ध में लिखित है।

बदाबदी० अव्य० हिसका समेत लड़ाई से झगड़े से।

बदि०
बदी० } ना० स्त्री० कृष्णपक्ष, हेतु, लिये।

बद्दल० ना० पु० मेघ।

बद्ध० गु० जो बांधागया।

बद्धी० ना० स्त्री० गलेमें पहरने की वस्तु विशेष, तसमा चमड़े का।

